6.	मार्गीय सुविधा केंद्र, धालभूमगढ़, बहरागोड़ा	पूर्वी सिंहभूम	2017	82/08.06.2017	निष्क्रिय
7.	कम्यूनिटी सेंटर बिल्डिंग, पर्यटक सुविधा परिसर, किचेन शेड, ढोरीमाता मरियम, फुसरो	बोकारो	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
8.	बहुद्देशीय भवन, योगिनी स्थान	गोड्डा	2016	68/28.10.2015	निष्क्रिय
9.	बहुद्देशीय भवन, शिवपुर रत्नेश्वर धाम	गोड्डा	2016	68/28.10.2015	निष्क्रिय
10	बहुद्देशीय भवन, धमशा मंदिर	गोड्डा	2016	68/28.10.2015	निष्क्रिय
11	बहुद्देशीय भवन, बुढ़ई मंदिर मधुपुर	देवघर	2016	68/28.10.2015	निष्क्रिय
12	बहुद्देशीय भवन, पथरोल मंदिर, मधुपुर	देवघर	2016	68/28.10.2015	निष्क्रिय
13	बहुद्देशीय भवन, हरिहर धाम	गिरिडीह	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
14	बहुद्देशीय भवन-सह- अतिथि गृह, पुनासी	देवघर	2018	100/29.10.2018	निष्क्रिय
15	विवाह मंडप-सह-अतिथि गृह, चौगाना धाम, छतरपुर	पलामू	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
16	रेस्टोरेंट-सह-हाल, पालकोट	गुमला	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
17	पर्यटक सुविधा केंद्र, राजमहल	साहेबगंज	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
18	प्रकाश एवं ध्वनि शो, कांके	राँची	2015	68/28.10.2015	स्व-संचालित
19	चिल्ड्रेन प्ले जॉन-सह-कियोस्क, सीतारामपुर डैम के पास	सरायकेला-खरसावाँ	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
20	बाल उद्यान, कुदरसई	सरायकेला-खरसावाँ	2015	68/28.10.2015	निष्क्रिय
21	बाल उद्यान, सिदगोड़ा	पूर्वी सिंहभूम	लागू नहीं	68/28.10.2015	निष्क्रिय
22	पर्यटक सुविधा परिसर, त्रिकुट पहाड़ के समीप	देवघर	2016	13/21.01.2017	स्व-संचालित

परिशिष्ट-2.1.2

(कंडिका 2.1.3.2 में संदर्भित; पृष्ठ संख्या 169)

असंचालित/ आंशिक संचालित परिसंपत्तियों का विवरण

क्र. सं.	परिसंपत्तियों के नाम	निर्माण वर्ष/निर्माण लागत	जे.टी.डी .सी. को हस्तांतरण की तिथि	लेखापरीक्षा अवलोकन	टिप्पणी (जेटीडीसी द्वारा जून 2020 में दिया गया जवाब)
1.	पर्यटक परिसर, अजय बराज सिकटिया, सारठ, देवघर (फेज- 1 एवं फेज -2)	2017/ ₹ 296.00 लाख	04.07.2017	• दो पर्यटक परिसर का निर्माण बिना किसी पर्यटक प्रवाह अध्ययन के एक ही स्थान पर किया गया था। यह स्थान राज्य सरकार द्वारा स्थानीय महत्व के रूप में अधिसूचित है। • भौतिक सत्यापन के दौरान लेखापरीक्षा में पाया गया कि पर्यटक परिसर का स्थान दूरस्थ था और बहुत कम आबादी थी। • निविदा के बावजूद दोनों परिसंपत्तियां असंचालित रहीं और इन पर्यटक परिसरों पर ₹ 2.96 करोड़ का खर्च अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि परिसंपत्तियों को आउटसोर्स (दिसंबर 2019) में कर दिया गया था तथा इकरारनामा प्रक्रियाधीन है। जेटीडीसी एक ही स्थान पर दो परिसंपत्तियों के निर्माण पर कोई जवाब नहीं दिया। • वास्तविकता यह है कि इसके हस्तांतरण के बाद से ही परिसंपत्ति असंचालित है।
2.	पर्यटक परिसर, हुन्डरु, रांची	2012/₹10.00 लाख	23.03.2012	• डेवलपर द्वारा परिसंपत्तियों का उन्नयन कार्य नहीं किया गया था और इसलिए इकरारनामा (नवंबर 2018) को समाप्त कर दिया गया था। परिसंपत्ति का पुनः निविदा (फरवरी 2019) में की गई थी, लेकिन कोई भी डेवलपर सफल नहीं हो सका। • पर्यटक परिसर कम आबादी वाले जंगल में स्थित है जहाँ पर एकमात्र आकर्षण एक झरना है। इस प्रकार, पर्यटकों का रात्रि विश्राम में रुचि नहीं थी। परिणामस्वरूप, पर्यटक परिसर में दिसंबर 2019 तक कोई भी पर्यटक नहीं रहा और यह असंचालित रहा, जिसके परिणामस्वरूप 10 लाख रुपये का खर्च अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि परिसंपत्ति को आउटसोर्स कर दिया गया है (जिसका एल.ओ.ए. दिसंबर 2019 में जारी किया गया) और इकरारनामा प्रक्रियाधीन है। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति असंचालित है ।
3.	पर्यटक परिसर, मैथन, धनबाद	लागू नहीं/लागू नहीं	25.07.2017	• जेटीडीसी द्वारा निविदा (अगस्त 2019) आमंत्रित की गई थी। • एल.ओ.ए. (दिसंबर 2019) जारी किया गया था किन्तु इकरारनामा (मई 2020) नहीं किया गया और परिसंपत्ति असंचालित है।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि परिसंपत्ति को आउटसोर्स कर दिया गया है और इकरारनामा प्रक्रियाधीन है। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही।
4.	पर्यटक परिसर, हेसाडीह, पश्चिम सिंहभूम	2015/₹148.48 लाख	23.03.2012	• निविदा (मार्च 2016) आमंत्रित की गई और एल.ओ.ए. (जून 2016) जारी किया गया किन्तु निविदाकार अनुस्मारक (अगस्त 2016 और अगस्त 2017) जारी करने के बावजूद भी नहीं आया।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि पर्यटक परिसर एक दूरस्थ, कम आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है और इस परिसंपत्ति को डी.टी.पी.सी. को हस्तांतरित करने के लिए विभाग से अनुरोध किया गया है।

				• परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप ₹148.48 लाख का व्यय व्यर्थ हुआ।	
5.	पर्यटक परिसर, रामरेखा धाम, सिमडेगा	2009/₹22.00 लाख	28.10.2015	• यद्यपि निविदाएं आमंत्रित (मार्च 2016 और दिसंबर 2016) की गई पर कोई निविदाकार ने भाग नहीं लिया। • टी.ई.सी. ने पुन: निविदा आमंत्रित करने का फैसला किया, लेकिन बाद में कोई निविदा जारी नहीं की गई और परिसंपत्ति अपरिचालन में रही, जिसके परिणामस्वरूप 22 लाख रुपये का व्यय अलाभकारी रहा।	• वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही।
6.	पर्यटक परिसर, गोदरमाना, गढ़वा	2004/₹59.00 लाख	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई, केवल एक निविदाकार ने निविदा डाला और टी.ई.सी. ने फिर से निविदा मंगाने का फैसला किया, पुनःनिविदा दिसम्बर 2016 में हुई परंतु कोई निविदाकार नहीं आया। • इसके बाद कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई। परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप 59 लाख रुपये का व्यय अलाभकारी रहा।	
7.	पर्यटक परिसर, बारीडीह, जमशेदपुर	2010/ ₹ 30.55 लाख	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई जिसमे केवल एक निविदाकार तकनीकी रूप से योग्य पाया गया । पुन: निविदा दिसंबर 2016 में हुई परन्तु इकरारनामा सफल डेवलपर के साथ नहीं हो सका जिसका अभिलेखों में कोई कारण नहीं दर्शाया गया। • जेटीडीसी ने सूचित किया कि यह परिसंपत्ति असंचालित है। संयुक्त भौतिक सत्यापन (जनवरी 2020) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि पर्यटक परिसर का उपयोग जेटीडीसी के संज्ञान के बिना वैवाहिक कार्यक्रम के लिए किया जा रहा था।	• विभाग (जुलाई 2020) ने कहा कि जेटीडीसी ने परिसंपत्ति का दखल नहीं लिया और जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया कि परिसंपत्ति के संचालन की स्थिति तथा राजस्व प्राप्ति की स्थिति बताया जाए। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति का संचालन जेटीडीसी के द्वारा नहीं किया जा सका।
8.	होटल अरण्य विहार, हजारीबाग	लागू नहीं/लागू नहीं	21.06.2004	• अनुज्ञप्ति शुल्क का भुगतान नहीं करने के कारण इकरारनामा समाप्त (जनवरी, 2017) किया गया। • परिसंपत्ति को आउटसोर्स करने के लिए निविदा (दिसम्बर 2018) आमंत्रित किया गया किन्तु कोई भी निविदाकार नहीं आया। • पुनः निविदा (फरवरी 2019) किया गया जिसमें जून, 2019 में निविदिकार को चयनित किया गया। • यद्यपि परिसंपत्ति को आउटसोर्स किया गया किन्तु संयुक्त भौतिक सत्यापन (जनवरी 2020) में यह पाया गया कि परिसंपत्ति असंचालित और जर्जर स्थिति में थी।	• विभाग (जुलाई, 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) में बताया कि परिसंपत्ति को आउटसोर्स कर प्रभार (जनवरी, 2020) में दिया गया है, परिसंपत्ति का उन्नयन डेवलपर के द्वारा किया जा रहा है। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही।
9.	होटल शीतल विहार, बरही, हजारीबाग	लागू नहीं/लागू नहीं	21.06.2004	• डेवलपर ने इसे आगे चलाने में असमर्थता जाहिर करने के कारण जेटीडीसी ने इसका प्रभार(फरवरी 2015) में लिया । जेटीडीसी ने निविदा (दिसम्बर 2016 और दिसम्बर 2017) आमंत्रित किया, लेकिन कोई भी निविदाकार नहीं आया ।	• विभाग (जुलाई, 2020)/ जेटीडीसी(जून 2020) में बताया कि परिसंपत्ति को आउटसोर्स कर प्रभार (दिसम्बर 2019) में दिया गया है, परिसंपत्ति का उन्नयन डेवलपर के द्वारा किया जा रहा है।

				• दिसम्बर, 2018 के निविदा में निविदाकार का चयन (फरवरी 2019) किया गया और आउटसोर्स (अगस्त 2019) हुआ। लेकिन, संयुक्त भौतिक सत्यापन (जनवरी, 2020) में पाया गया कि यह परिसंपत्ति असंचालित था।	• वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही।
10.	मार्गीय सुविधा केंद्र चांडिल, सरायकेला-खरसावाँ	2017/₹124.40 लाख	08.06.2017	• निविदा दिसम्बर 2018 और फरवरी 2019 में आमंत्रित किया गया परंतु कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। • परिसंपत्ति असंचालित रहा और ₹ 124.40 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	
11.	मार्गीय सुविधा केंद्र, हमसदा, सरायकेला-खरसावाँ	2017/₹206.67 लाख	08.06.2017	• दिसम्बर 2018 में निविदा आमंत्रित किया गया किन्तु कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। पुनः निविदा फरवरी 2019 में आमंत्रित की गई जिसमें केवल एक निविदा प्राप्त हुई और टी.ई.सी ने पुनः निविदा करने का निर्णय लिया। • इसके बाद कोई निविदा नहीं आमंत्रित की गयी। परिसंपत्ति असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप 206.67 लाख रुपये का अलाभकारी व्यय हुआ।	
12.	मार्गीय सुविधा केंद्र, महेशपुर, पाकुड़	2015/₹120.00 लाख	25.03.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई जिसमें एक निविदा प्राप्त हुई। पुनः निविदा दिसम्बर 2016 में हुई जिसमें दो निविदा प्राप्त हुई किन्तु दोनों तकनीकी रूप से योग्य नहीं थे। टी.ई.सी. ने पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया। परन्तु, इसके बाद परिसंपत्ति को आउटसोर्स करने के लिए कोई निविदा आमंत्रित नहीं की गई। • जेटीडीसी ने परिसंपत्ति को डी.टी.पी.सी. को हस्तांतरित करने का निवेदन विभाग से (जून 2019) किया। विभाग की कार्रवाई प्रतीक्षित है। परिसंपत्ति असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप 120 लाख रुपये का अलाभकारी व्यय हुआ।	• विभाग(जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। • वास्तविकता यह है कि जेटीडीसी को इनके स्थानांतरण के समय से यह परिसंपत्ति असंचालित रहा।
13.	मार्गीय सुविधा केंद्र, माझा टोली, गुमला	2015/₹172.93 लाख	25.03.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई जिसमें केवल एक निविदाकार तकनीकी रूप से योग्य था। पुनः निविदा दिसम्बर 2016 में हुई परन्तु सफल निविदाकार के साथ इकरारनामा नहीं हो सका, जिसका अभिलेखों में कोई कारण नहीं दर्शाया गया। • डी.टी.पी.सी. को परिसंपत्ति हस्तांतरण करने हेतु जेटीडीसी के अनुरोध (जून 2019) पर विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। परिसंपत्ति (मई 2020 तक) असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप 172.93 लाख रुपये का अलाभकारी व्यय हुआ।	
14.	मार्गीय सुविधा केंद्र, तमाड़, राँची	2011/₹36.95 लाख	23.03.2012	• परिसंपत्ति आउटसोर्स(जुलाई 2015) किया गया। लेकिन, डेवलपर इसे बिजली और पानी के सुविधा की कमी के कारण विकसित करने में असमर्थता (जुलाई 2015) जाहिर किया। इकरारनामा जेटीडीसी के द्वारा समाप्त (अगस्त 2017) किया गया।	• विभाग(जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि अनुज्ञप्तिधारक के द्वारा पी.आई.पी. जमा नहीं करने के कारण परिसंपत्ति का संचालन नहीं किया जा सका. • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही।

				• जेटीडीसी ने निविदा (दिसम्बर 2018) आमंत्रित किया और डेवेलपर के साथ इकरारनामा (जुलाई 2019) किया तथा परिसंपत्ति के उन्नयन हेतु उसे पी.आई.पी. जमा करने केलिए प्रयासरत है। • परिसंपत्ति के हस्तांतरण के आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप 36.95 लाख रुपये का व्यय अलाभकारी रहा।	
15.	मार्गीय सुविधा केंद्र, धालभूमगढ़, पूर्वी सिंहभूम	2017/₹235.26 लाख	08.06.2017	• निविदाएँ दिसम्बर 2018 और फरवरी 2019 में आमंत्रित की गयी किन्तु कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई। • संयुक्त भौतिक सत्यापन (जनवरी 2020) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि वहाँ कोई बिजली आपूर्ति, चहरदीवारी और पहुँच पथ नहीं होने के कारण डेवलपर ने रूचि नहीं दिखाई, यद्यपि भवन अच्छी स्थिति में था। सरकार/ जेटीडीसी साईन बोर्ड/ प्रतीक चिह्न नहीं था। • परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप 235.26 लाख रुपये का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग(जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि इस परिसंपत्ति को दिसम्बर 2019 में यथास्थिति के आधार पर आउटसोर्स किया गया, जिसे पट्टाधारी द्वारा उन्नयन किया जायेगा। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति जेटीडीसी के इसके हस्तांतरण के समय से असंचालित रही।
16.	मार्गीय सुविधा केंद्र, कान्द्रा, सरायकेला-खरसावाँ	2011/₹100.00 लाख	23.03.2012	• परिसंपत्ति आउटसोर्स (अगस्त 2013) किया गया, किन्तु डेवेलपर द्वारा बिजली, पानी तथा पहुँच पथ के अभाव के कारण इसे विकसित करने से मना (जुलाई 2015) किया। • इकरारनामा को जून 2017 में निरस्त किया गया। परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप 100 लाख रुपये का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग(जुलाई 2020) /जेटीडीसी(जून 2020) ने स्वीकार किया कि डेवेलपर ने पहुँच पथ और अतिक्रमण के कारण परिसंपत्ति के संचालन करने में असमर्थता जाहिर की और परिसंपत्ति जेटीडीसी के द्वारा चलायी जा रही है। • जेटीडीसी द्वारा जुलाई 2019 से परिसंपत्ति को स्व-संचालित होने की बात सही नही हैं, क्योंकि इस परिसंपत्ति में जुलाई 2020 तक कोई पर्यटक का आवागमन और इससे कोई आय सृजित नहीं हुई थी।
17.	बहुद्देशीय भवन, पथरोल मन्दिर, देवघर	2016/ ₹ 52.70 लाख	28.10.2015	• इन दोनों परिसंपत्तियों के लिए निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई - एकल निविदा प्राप्त हुई। पुनः निविदा (दिसम्बर 2016) आमंत्रित की गई- प्राप्त निविदा तकनीकी रूप से अयोग्य थे। टी.ई.सी. ने पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया - इसके बाद परिसंपत्ति को आउटसोर्स करने हेतु कोई निविदा आमंत्रित नहीं किया गया। • जेटीडीसी के अभिलेखों के अनुसार, ये परिसंपत्तियाँ असंचालित हैं। हालाँकि, संयुक्त भौतिक सत्यापन (मार्च 2020) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि परिसंपत्ति का संचालन जेटीडीसी/विभाग के संज्ञान के बिना ग्राम समिति के द्वारा संचालित किया जा रहा था। जेटीडीसी/सरकार का साईन बोर्ड/प्रतीक चिन्ह नहीं लगे हुए थे। • जेटीडीसी परिसंपत्ति का संचालन करने में असफल रहा जिसके परिणामस्वरूप इन परिसंपत्तियों पर अलाभकारी व्यय हुआ।	• विभाग/ जेटीडीसी ने विशिष्ट उत्तर नहीं दिया और कहा कि संपत्ति दूरस्थ स्थान पर अवस्थित है, जहाँ सिर्फ कभी -कभार पर्यटकों के आने की अपेक्षा की जाती है तथा विभाग को परिसंपत्ति जिला पर्यटन प्रोत्साहन समिति को हस्तांतरित करने हेतु निवेदन किया गया था।
18.	विवाह मंडप-सह-अतिथि गृह, चौगाना धाम, छतरपुर ,पलामू	2015/ ₹ 39.04 लाख	28.10.2015		

19.	बहुद्देशीय भवन- सह-अतिथि गृह, पुनासी, देवघर	2018/₹189.92 लाख	29.10.2018	• शुरूआत में निर्माण स्थान पुनासी डैम के नजदीक चिन्हित था परंतु स्थानीय विरोध के कारण, एम.पी.बी का निर्माण अन्य स्थल पर किया गया • संयुक्त भौतिक सत्यापन (दिसम्बर 2019) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि एम.पी.बी. दूरस्थ स्थान पर अवस्थित था, जहाँ से डैम को देखा नहीं जा सकता था और डैम तक पहुँचने के लिए कोई सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं थी। • भवन या उसके नजदीक के क्षेत्र में कोई बिजली की सुविधा नहीं थी। पुनासी डैम के नजदीक एम.पी.बी. से संबंधित कोई भी विज्ञापन नहीं लगाई गई थी। राज्य सरकार द्वारा इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में अधिसूचित भी नहीं किया था।	• विभाग(जुलाई 2020)/जेटीडीसी(जून 2020) ने तथ्य को स्वीकार किया और कहा कि सम्पत्ति में बहुत संभावनाएं है और इसे बहुत जल्द आउटसोर्स किया जाएगा। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति जेटीडीसी को इसके हस्तांतरण के समय से असंचालित रही।
20.	बहुद्देशीय भवन, योगिनी स्थान, गोड्डा	2016/₹46.08 लाख	28.10.2015	• जेटीडीसी ने दोनों परिसंपत्तियों के लिए मार्च 2016 में निविदा आमंत्रित किया- एकल निविदा प्राप्त हुआ। पुन: निविदा दिसम्बर 2016 में आमंत्रित किया गया -सफल निविदाकार के साथ इकरारनामा नहीं किया गया जिसका कोई कारण अभिलेखों में उपलब्ध नहीं था। • इसके बाद में परिसंपत्ति को आउटसोर्स करने के लिए कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई। • डी.टी.पी.सी. को परिसंपत्ति हस्तांतरण करने हेतु जेटीडीसी के अनुरोध पर विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। • इस तरह ये परिसंपत्तियाँ असंचालित रही जिसके परिणामस्वरूप इन परिसंपत्तियों पर व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने स्वीकार किया कि इन परिसंपत्तियों का निर्माण दूरस्थ क्षेत्र में किया गया था, जहाँ पर्यटक ठहरना पसन्द नहीं करते और जेटीडीसी द्वारा इन परिसंपत्तियाँ का संचालन तथा प्रबंधन संभव नहीं है। • आगे, जेटीडीसी ने कहा कि विभाग ने इसके संचालन के लिए संपत्ति का हस्तांतरण डी.टी.पी.सी. को किये जाने का अनुरोध किया। • वास्तविकता यह है कि ये दोनों परिसंपत्तियाँ असंचालित रही।
21.	बहुद्देशीय भवन, शिवपुर, रत्नेश्वर धाम, गोड्डा	2016/₹51.78 लाख	28.10.2015		
22.	बहुद्देशीय भवन, धमसा मन्दिर, गोड्डा	2016/₹51.78 लाख	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई- एकल निविदा प्राप्त हुई। पुन: निविदा दिसम्बर 2016 में आमंत्रित की गई - दो निविदाएँ प्राप्त हुई और निविदाकारों को नोटरीकृत और प्रमाणित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया। इन दस्तावेजों के जमा करने व निविदा के परिणाम का अभिलेख उपलब्ध नहीं था। • इसके बाद कोई निविदा नहीं हुआ और परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 51.78 लाख व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020 ने स्वीकार किया कि परिसंपत्ति असंचालित थी और कहा कि जेटीडीसी द्वारा परिसंपत्ति का संचालन और प्रबंधन संभव नहीं है। जेटीडीसी ने आगे कहा कि परिसंपत्ति दूरस्थ क्षेत्र में है जहाँ पर्यटक ठहरना पसन्द नहीं करते। • जेटीडीसी ने आगे कहा कि विभाग ने इसके संचालन के लिए परिसंपत्ति का हस्तांतरण डी.टी.पी.सी. को किये जाने का अनुरोध किया है।
23.	बहुद्देशीय भवन, हरिहर धाम, गिरिडीह	2015/₹64.26 लाख	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई- कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई। पुन: निविदा (दिसम्बर 2016) में आमंत्रित की गई - प्राप्त दो निविदा तकनीकी रूप से अयोग्य थे। टी.ई.सी. ने पुन: निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया किन्तु इसके बाद कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई।	-वही-

				• परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप रू 64.26 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	
24.	कम्यूनिटी सेंटर बिल्डिंग, पर्यटक सुविधा परिसर, किचेन शेड, धोरीमता मरियम, फुसरो,बोकारो	2015/₹133.45 लाख	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 एवं दिसम्बर 2016 में आमंत्रित की गई और दोनों अवसर पर एकल निविदा प्राप्त हुआ। टी.ई.सी. ने पुन: निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया, लेकिन इसके बाद परिसंपत्ति को आउटसोर्स करने के लिए कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई। • परिसंपत्ति असंचालित रही जिसके परिणामस्वरूप ₹ 133.45 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	-वही-
25.	संस्कार भवन, अमरेश्वर धाम खूँटी	2013/₹51.00 लाख	25.03.2015	• निविदा (मार्च 2016) आमंत्रित की गई और एल.ओ.ए (जून 2016) जारी किया गया, किन्तु निविदाकार अनुस्मारक (अगस्त 2016 और अगस्त 2017) जारी करने के बावजूद भी नहीं आया। • परिसंपत्ति मई 2020 तक असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप ₹51.00 लाख का व्यय व्यर्थ रहा।	-वही-
26.	संस्कार भवन, विन्ध्वासिनी मन्दिर, साहेबगंज	2015/₹44.75 लाख	25.03.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई -एकल निविदा प्राप्त हुई। पुनः दिसम्बर 2016 में निविदा आमंत्रित की गई- दो निविदाएँ प्राप्त हुई और निविदाकारों को नोटरीकृत और प्रमाणित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया। इन दस्तावेजों के जमा करने व निविदा के परिणाम का अभिलेख उपलब्ध नहीं था। • इसके बाद कोई निविदा नहीं हुआ और परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 44.75 लाख व्यय अलाभकारी रहा।	-वही-
27.	गंगा भवन, राजमहल, साहेबगंज	2013/₹1.11क रोड़	25.03.2015	• जेटीडीसी ने इस परिसंपत्ति के आउटसोर्स करने केलिए निविदा दिसम्बर 2016, दिसम्बर 2017, दिसम्बर 2018 और फरवरी 2019 में आमंत्रित किया, लेकिन कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई। • परिसंपत्ति असंचालित रही जिसके परिणामस्वरूप ₹ 110.76 लाख व्यय अलाभकारी रहा।	-वही-
28.	रेस्टोरेंट-सह-हॉल, पालकोट, गुमला	2015/₹59.14 लाख़	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में आमंत्रित की गई- प्राप्त चार निविदाओ में से सिर्फ एक तकनीकी रूप से योग्य था। पुन: निविदा दिसम्बर 2016 में आमंत्रित की गई- एकल निविदा प्राप्त हुई। • टी.ई.सी. ने पुन: निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया, लेकिन इसके बाद परिसंपत्ति के आउटसोर्स के लिए कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई और परिसंपत्ति असंचालित रही, जिसके परिणामस्वरूप रू 59.14 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	-वही-

29.	बहुद्देशीय भवन, बुढ़ई मन्दिर, देवघर	2016/₹51.76 लाख़	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 और दिसम्बर 2016 में आमंत्रित की गई- किस कारण से निविदा को अंतिम रूप नहीं किया गया, अभिलेख में उपलब्ध नहीं था। • संयुक्त भौतिक सत्यापन (दिसंबर 2019) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि भवन के दीवारों में दरारें थी, खिड़कियों के पैनल टूटे हूए थे तथा एम.पी.बी. के बाहर शौचलय/हैण्डपंप अक्रियाशील था। एम.पी.बी. दूरस्थ स्थान पर अवस्थित था तथा परिसंपत्ति की सुरक्षा हेतु जेटीडीसी द्वारा कोई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया था। • यह स्थान राज्य सरकार द्वारा एक पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित नहीं था। परिसंपत्ति असंचालित रही और ₹ 51. 76 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने स्वीकार किया कि परिसंपत्ति दूरस्थ स्थान पर स्थित है, जहाँ कभी-कभार पर्यटक के आने की संभावना है और आगे कहा कि डीटीपीसी द्वारा इसके संचालन के लिए विभाग से इसका हस्तांतरण करने का अनुरोध किया गया। • वास्तविकता यह है कि यह परिसंपत्ति असंचालित रही।
30.	पर्यटक सूचना केंद्र, हजारीबाग	2011/₹83.05 लाख़	23.03.2012	• अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा प.सू.के. को परिसर में असमाजिक गतिविधियों के संचालन के आधार पर सील (सितम्बर 2018) कर दिया गया। • डेवलपर के साथ इकरारनामा निरस्त (नवम्बर 2018) कर दिया गया। संयुक्त भौतिक सत्यापन में लेखापरीक्षा ने पाया कि परिसंपत्ति असंचालित थी, आधारभूत सुविधाओं की कमी एवं रख-रखाव दयनीय था।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने बताया कि डेवलपर को परिसंपत्ति का विकास एवं उन्नयन करने केलिये, सफल निविदाकार को एल.ए.ओ. (दिसंबर 2019) जारी किया गया • वास्तविकता यह है कि इकरारनामा सफल निविदादाता के साथ नहीं किया गया और परिसंपति असंचालित रही।
31.	पर्यटक सूचना केंद्र, देवघर	2014/₹49.05 लाख़	25.03.2015	• डेवलपर के साथ निष्पादित इकरारनामा (फरवरी 2016) वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क का भुगतान नहीं करने के कारण निरस्त (मई 2018) कर दी गई। • अनुमोदित पी.आई.पी. के अनुसार परियोजना सुविधाओं का उन्नयन डेवलपर द्वारा करना था और यदि इकरारनामा समाप्त हो जाता है तो परियोजना स्थल एवं परियोजना सुविधाओ को जेटीडीसी को सौप दिया जाना था। लेखापरीक्षा ने पाया की इकरारनामा के निरस्त होने के बाद परियोजना सुविधाए जैसे वाटर कूलर, इनवर्टर, स्वीट डिस्प्ले काउंटर, अग्नि शामक यंत्र, बैटरी, माइक्रो वेभ, लेजर प्रिंटर इत्यादि का प्रभार जेटीडीसी लेने में असफल रहा।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने कहा कि डेवलपर ने इकरारनामा की रेस्टोरेशन के लिए उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। • वास्तविकता यह है कि परिसंपत्ति मई 2018 से असंचालित रहा। • डेवलपर द्वारा परियोजना सुविधाओं को नहीं सौंपने के बारे में जेटीडीसी ने जवाब प्रस्तुत नहीं किया।
32.	पर्यटक सूचना केंद्र, राजमहल, साहेबगंज	2015/₹49.36 लाख़	28.10.2015	• निविदा मार्च 2016 में किया गया- डेवलपर को चयनित (मई 2017) किया गया, लेकिन किन्हीं कारणों से इकरारनामा नहीं हो पाया जिसका कारण अभिलिखों में नहीं दर्शाया गया है। • परिसंपत्ति असंचालित रही जिसके परिणामस्वरूप ₹ 49.36 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020) / जेटीडीसी (जून 2020) ने विशिष्ट जवाब नहीं दिया।
33.	पर्यटक सूचना केंद्र, जमशेदपुर	2011/₹81.84 लाख़	23.03.2012	• संयुक्त भौतिक सत्यापन (जनवरी 2020) के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि परिसंपत्ति कचहरी परिसर में बगैर साईन बोर्ड/प्रतीक चिन्ह के अवस्थित है और बंद था। • परिसंपत्ति हस्तांतरण के बाद से असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप ₹ 81.84 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने कहा कि आउटसोर्सिंग हेतु इकरारनामा (जनवरी 2020) किया गया और परिसंपत्ति का संचालन उन्नयन का कार्य पूर्ण करने के बाद होगा।

34.	ध्वनि एवं प्रकाश शो, शिल्प ग्राम, देवघर	2015/₹305.00 लाख़	27.01.2015	• जेटीडीसी ने प्रणाली का संचालन (फरवरी 2015) में शुरू किया किन्तु कुछ खराबी (फरवरी 2016 और जून 2016) के कारण बंद रहा। खराबी को ठीक किया गया लेकिन वज्रपात के कारण प्रणाली पुनः बंद (जुलाई 2016) हो गई तथा तब से यह निष्क्रिय पड़ा है। • परिसंपति असंचालित रहा जिसके परिणामस्वरूप • ₹ 305 लाख का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने तथ्य को स्वीकार किया और कहा कि ध्वनि एवं प्रकाश शो, के खराबियों की सुधार के बाद चालू किया जाएगा। जवाब क्रम में नहीं है। हालांकि, सच्चाई यह है कि यह परिसंपत्ति बंद होने के चार वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी अक्रियाशील है।
35.	चिल्ड्रेन प्ले जॉन -सह-कियोस्क, सीतारामपुर डेम, सरायकेला खरसवाँ	2015/₹24.00 लाख़	28.10.2015	• जेटीडीसी ने निविदा (मार्च 2016) आमंत्रित किया एवं सफल निविदाकार को एल.ओ.ए. (जून 2016) जारी किया, किन्तु अनुस्मारक (अगस्त 2016 एवं अगस्त 2017) जारी करने के बावजूद भी निविदाकार इकरारनामा सम्पादित करने हेतु नहीं आया। • परिसंपत्तियां असंचालित रहीं जिसके फलस्वरूप व्यय व्यर्थ रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने तथ्य को स्वीकार किया एवं कहा कि ये परिसंपत्तियां वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य नहीं हैं तथा इन परिसंपत्तियों को डी.टी.पी.सी को हस्तांतरित करने केलिए विभाग से अनुरोध किया गया है।
36.	चिल्ड्रेन उद्यान, कुदरसई , सरायकेला खरसावाँ	2015/₹36.58 लाख़	28.10.2015		
37.	चिल्ड्रेन प्ले जोन सिदगोड़ा, पूर्वी सिंहभूम	लागू नहीं/लागू नहीं	28.10.2015	• जेटीडीसी ने निविदा दिसंबर 2016 में आमंत्रित किया। तकनीकी रूप से कोई भी निविदाकार योग्य नहीं था एवं टी.ई.सी. ने पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया । इसके उपरांत कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गयी एवं जेटीडीसी इस परिसंपत्ति के संचालन में विफल रहा। • जेटीडीसी के अभिलेख में इस परिसंपत्ति को असंचालित दर्शाया गया है किन्तु संयुक्त भौतिक सत्यापन में पाया गया कि यह परिसंपत्ति स्थानीय समिति द्वारा संचालित है।	• विभाग (जुलाई 2020) ने कहा कि यह परिसंपत्ति जिला प्रशासन के अधीन है। • जवाब विश्वासप्रद नहीं है क्योंकि इस परिसंपत्ति को जेटीडीसी ने अपने अभिलेख में असंचालित दर्शाया है, जबकि संयुक्त भौतिक सत्यापन में यह परिसंपत्ति स्थानीय समिति द्वारा संचालित पाया गया।
38.	पर्यटक स्थल, हटिया, राँची	लागू नहीं/₹400.00 लाख़	25.03.2015	• हस्तांतरण परिपत्र के अनुसार, इस परिसंपत्ति का संचालन आउटसोर्सिंग अथवा पी.पी.पी माध्यम से किया जाना था। हालाँकि यह परिसंपत्ति विभाग की अनुमति के बिना आंशिक रूप से स्व-संचालित थी। वर्ष 2015-16 से 2018-19 के दौरान केवल 15 से 50 बुकिंग हुई तथा ₹ 53,500 की कमाई हुई थी। कॉटेज ख़राब हालत में थीं, फूड कोर्ट असंचालित थीं एवं कोई पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं थी।ss • परिसंपत्ति पर पर्याप्त व्यय के बावजूद जेटीडीसी द्वारा इसे आउटसोर्स करने के लिये कोई निविदा आमंत्रित नहीं की गई थी, परिणामस्वरूप चार करोड़ रूपये का व्यय अलाभकारी रहा।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने कहा कि वे इसके संचालन के माध्यम पर निर्णय लेंगें। • जवाब सही नहीं है, क्योंकि विभाग के निर्देश (2015) के अनुसार इस परिसंपत्ति को आउटसोर्स के माध्यम से संचालित किया जाना था जबकि पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका संचालन किस माध्यम से किया जाना है विचाराधीन है।
39.	पर्यटक स्थल, रेस्टोरेंट एवं फ़ूड कोर्ट, कांके डैम, रांची	2012/₹430.00 लाख़	23.03.2012	• संयुक्त भौतिक सत्यापन (दिसम्बर 2019) में लेखापरीक्षा ने पाया कि यह परिसंपत्ति आंशिक रूप से (केवल उद्यान) संचालित थी। • रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट एवं म्यूजिकल फाउंटेन अक्रियाशील थीं, रेस्टोरेंट एवं फूड कोर्ट जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थीं।	• विभाग (जुलाई 2020)/ जेटीडीसी (जून 2020) ने कहा कि परिसंपत्ति को आउटसोर्स (मार्च 2020) कर दिया गया है एवं उन्नयन के उपरांत इसका संचालन आरम्भ कर दिया जायेगा। तथ्य यह है कि परिसंपत्ति अब तक केवल आंशिक रूप से संचालित है।
	कुल	**3,967.54**			